# समय से पहले गर्मी की दस्तक, गेहूं की फसल पर पड़ेगा असर, उत्पादन होगा प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 15 मार्च. अभी मार्च का आधा ही महीना निकला है और लोगों को अप्रैल-मई जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। हालात यह है कि दिन के साथ-साथ रात भी गर्म होने लगी।**

**तापमान बढ़ने से खेतों में पानी अधिक लगेगा**

**पूरी तरह पोषित नहीं हो पाएगा दाना**

न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री तक पहुंच गय है। वहीं अधिकतम तापमान भी 37.2 डिग्री के आसपास है। यह तापमान रबी फसलों के लिए अनुकूल नहीं है, यानि इस बार गर्मी ने समय से पहले दस्तक दे दी। इसका गेहूं की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो गर्मी बढ़ने से फसल की सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी देना होगा, इससे किसानों को मेहनत व पैसा अधिक लगेगी। बावजूद इसके ग्रोथ सही नहीं हो पाएगी। इससे पैदावार 10 फीसदी तक गिर सकती है। अगर 10 फीसदी पैदावार गिरी तो जिले के किसानों को गेहूं की फसल में लाखों रुपए का नुकसान होगा। बता दें कि जिले में इस साल करीब 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई की गई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की अच्छी ग्रोथ व पैदावार के लिए फसल को 135 से 145 दिन का समय लगता है। जिले में किसान खरीफ फसल में धान की पैदावार करते हैं। ऐसे में गेहूं की बुबाई देरी से कर पाते हैं। इस बार तापमान तेजी के साथ समय से पहले बढ़ गया है। इस वजह से गेहूं की फसल समय से पहले पक कर सूखने लगेगी और दाना कमजोर रह जायेगा।



**माह के अंत तक 40 तक पहुंच सकता है पारा :** मौसम विभाग का अनुमान है कि मार्च में अधिकतम तापमान 37 डिग्री के आसपास चल रहा है। ऐसे में मार्च के अंतिम सप्ताह तक यह 40 डिग्री के आसपास तक पहुंच सकता है। पिछले तीन-चार दिनों के तापमान में नजर डाली जाये तो तापमान निरंतर बढ़ते क्रम में है। 12 मार्च को अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री दर्ज किया गया था, वहीं 13 मार्च को 36.5 और 14 मार्च को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री दर्ज किया गया। यदि तापमान में इसी तरह से बढ़ोत्तरी हुई तो गेहूं की फसल समय से पहले पककर तैयार हो जायेगी, लेकिन दाना ग्रोथ नहीं कर पायेगा और कमजोर रह जायेगा।

**दिन में चुंभने लगी धूप, राते भी गर्म:** तापमान में लगातार बढ़त का असर न सिर्फ फसलों पर नजर आ रहा है, बल्कि अब दोपहर के समय सडके भी सूनी रहने लगी है। हालात यह है कि तापमान में बढ़ोत्तरी की वजह से लोग दोपहर के समय घर से निकलना पसंद नहीं करते है। यदि मजबूरी में घर से बाहर जाना भी पड़ रहा है तो लोग सिर पर गमछा बांधकर और आंखों में चश्मा लगाकर ही घर से निकल रहे है।

**गेहूं पकने में लगता है 135 से 145 दिन का समय**

जिले में गेहूं की बुआई का सहीं समय 10 नवंबर से 30 नवंबर तक रहता है। लेकिन धान की बुआई और अन्य फसलों के कारण जिले के अधिकांश किसान दिसंबर के अंतिम सप्ताह या जनवरी के प्रथम सप्ताह तक गेहूं की बुआई करते है, जबकि गेहूं को पककर तैयार होने के लिए 135 से 145 दिन का समय लगता है। जानकार बताते है कि गेहूं की फसल की बुआई के 90 दिन बाद दाना बनना शुरू होता है। 15 से 20 दिन फसल में दाना बनने में लगते है। वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की फसल के लिए तापमान 15 डिगी से कम होना चाहिए। जिससे गेहूं की फसल की ग्रोथ अच्छी होती है और किसानों को सिंचाई के लिए कम मेहनत करनी पड़ती है। उत्पादन भी अच्छा रहता है, किन्तु इस बार तापमान में अचानक बढ़ोत्तरी से गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

तापमान तेजी के साथ बढ़ रहा है। इससे ज्यादा नुकसान तो नहीं है, लेकिन गेहूं की फसल जल्दी पककर तैयार हो जायेगी। जिससे दाना पूरी तरह से नहीं भर पायेगा। चूंकि जिले में कई किसान दिसंबर तक बुआई करते है, इसलिए तापमान बढने से गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

**- आनंद बडोनिया, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल**

**पैदावार गिरी तो किसानों को उठाना पड़ेगा नुकसान**

तापमान में अचानक बढ़ोत्तरी से गेहूं की फसल को नुकसान होने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही है। सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक विजय वर्मा ने बताया कि बैतूल जिले में गेहूं फसल के लिए 15 डिग्री से कम तापमान की जरूरत होती है, यदि इससे अधिक तापमान रहता है तो गेहूं का दाना पूरी तरह से भर नहीं पाता है और समय से पहले ही फसल पक जाती है। श्री वर्मा ने बताया कि जिले में सिंचिंत क्षेत्र में गेहूं की औसत पैदावार 45 से 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। वहीं असिंचित क्षेत्र में 33 से 36 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन हो जाता है। चूंकि समय से पहले तापमान अधिक बढ़ गया है। इससे उित्पादन पर असर पड़ सकता है।

## एक नजर में

### आगजनी से फसल जलकर राख

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम ऐनस में शनिवार रात करीब 11.20 बजे एक किसान के खेत में आग लगने से 8 एकड़ खेत की काटकर रखी गेंहू की फसल अज्ञात कारणों से जलकर राख हो गई। बताया जाता है ग्राम एनस निवासी दिनेश चौधरी द्वारा अपने आठ एकड़ खेत मे गेहूं की बोई थी फसल पकने के बाद काटकर एकत्र कर रखी थी। शनिवार की रात फसल मे अज्ञात कारणों से आग लग गईं, तेज हवाओ के चलते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया, ग्रामीणों द्वारा नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी एवं आग बुझाने का प्रयास किया,आगजनी की सूचना मिलने पर नगर पालिका की फायर टीम मौके पर पहुंची एवं जन सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। आगजनी से किसान को करीब दो लाख रुपए का नुकसान होना बताया जाता है।

### डहुआ मे हाईवे पर खड़ा पिकअप वाहन चोरी

**मुलताई।** नेशनल हाईवे छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम डहुआ मे स्कूल के सामने शनिवार की रात सड़क किनारे खड़ा पिकप वाहन अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिया। वाहन मालिक ने घटना कि थाने मे रिपोर्ट की है। ग्राम डहुआ निवासी जितेंद्र कुंवर साहू ने थाने मे रिपोर्ट कर बताया उसने शनिवार रात अपना पिकप वाहन ग्राम मे स्कूल के पास छिन्दवाड़ा रोड किनारे खडा किया था। वह पहले से इसी स्थान पर वाहन खडा करते थे, गाड़ी खड़ी करके अपने घर चला गया। रविवार सुबह 8 बजे वहां गया तो देखा उसका पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 48 जी 3094 नही है, अन्य लोगो के साथ गांव में और आस पास के क्षेत्र में वाहन की तलाश किया लेकिन पिकअप का पता नहीं चला। वाहन मालिक ने मामले मे अज्ञात वाहन चोरो को पकड़कर वाहन दिलाने की मांग की है।

### जावरा में प्रतिमा लगाने भूमिपूजन

**आठनेर।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जावरा में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा लगाने चयनित स्थल पर रविवार को भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। रूपेश डोंगरे द्वारा जानकारी देकर बताया कि विधायक प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवक रामचंद्र गायकवाड़, सरपंच रेखा उईके, गिरधर पटेल, , ज्ञानदेव गायकवाड़, ग्रामीण मौजूद थे।

## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

**सारनी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने गैस की भारी किल्लत एवं बढ़ते दामों के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया। रविवार को साप्ताहिक बाजार सारनी में ब्लाक अध्यक्ष बटेश्वर भारती के नेतृत्व में गैस की किल्लत एवं बढते दामों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेस वरिष्ठ नेता भोलाकांति, तिरुपति एरलु, मोहम्मद इलियास, बंटी क्रोसिया, हेमंत धोटे, यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सन्नी एरलु, गौतम नागले, राफे बक्स, रोहित भारती, भगवान जावरे, नेता प्रतिपक्ष पिटिंश नागले, संगीता डेहरिया, सुनील भलावी, अनीता बेलवंशी, महेंद्र भारती, नरेंद्र




वाडिवा, गोविंदा एरलु, राजेश लोखंडे, राम आश्रय वर्मा, अर्चना नागले सहित भारी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद थे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेशवर भारती ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गैस की कीमतों में वृद्धि करके गरीबो का जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की किल्लत एवं बढते दाम को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला एवं ब्लाक स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने के बाद रैली निकाल कर थाना सारणी में टीआई को ज्ञापन दिया है। कांग्रेस नेता मोहम्मद इलियास एवं तिरुपति एरलु ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर काबू करने मे पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है, उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के लिए लोग लाइन मे लगे हुए है। इतना ही नहीं गैस कि बुकिंग तक नहीं हो पा रही है। जिसके चलते जनता मे हाहाकार मचा हुआ है। कांग्रेस नेत्री संगीता डेहरिया ने कहा कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने से महिलाओ को खाना पकाने मे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर भाजपा नेत्री स्मिता ईरानी हायतोबा मचा देती थी परन्तु अब नजर नहीं आ रही है।

## 3 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बैतूल। पुलिस ने सात महीने से फरार चल रहे 3 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मारपीट, आर्म्स एक्ट और लूट जैसे गंभीर मामलों में वांछित था।**

पुलिस के अनुसार 14 अगस्त 2025 को सुनील उर्फ बोक्या बारस्कर (27) ने गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि अमन उर्फ चमन गायकी और उसके साथी ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी फरार हो गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। मुख्य आरोपी

**7 माह से फरार चल रहा था बदमाश**

**आर्म्स, लूट, मारपीट के कई मामलों में वांछित**

अमन उर्फ चमन (25) निवासी राजेंद्र वार्ड की गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और लूट जैसे अन्य संगीन मामले भी दर्ज हैं और उसके खिलाफ न्यायालय से स्थायी वारंट भी जारी थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंज निरीक्षक नीरज पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 14 मार्च 2026 को कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जावरा में विधिक सहायता शिविर का आयोजन, जनता से किया संवाद

**आठनेर।** 14 ग्राम जावरा में विधिक सेवा प्राधिकरण भैंसदेही के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल कोर्ट भैसदैही के न्यायाधीश वर्ग महेंद्र सिंह मेहसन वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव कोसे, राजेश गांवडे, दुर्गादास गल्फट, सुभाष आजाद, ओमकार आजाद, सौरभ सराटकर, संजीव गांवडे ग्रामवासी बड़ी तादाद में उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत कर किया गया। सर्वप्रथम शिविर को संबोधित करते हुए अधिवक्ता संजीव गावंडे ने सूचना के अधिकार अधिनियम की विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी। सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ इसके उद्देश्य क्या है एवं इसका दायरा क्या है एवं हमें कितने दिनों में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी शासकीय विभाग से जानकारी मिल जाती है ,आदि पर विस्तार से अपनी बात रखी। इसके पश्चात वरिष्ठ अधिवक्ता ने बुजर्ग माता-पिता के अधिकारों को लेकर शिविर में विस्तृत रूप से बताया एवं बुजुर्ग ग्रामीणों को अपने हक एवं अधिकारों को लेकर साक्षर किया। शिविर को संबोधित करते हुए मजिस्ट्रेट मेहसण आबकारी अधिनियम की धाराएं 341 और 342 के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को बताया।

## खंडेलवाल निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री चौहान

**बैतूल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निवास चंद्रमौली पहुंचकर उनकी दिवंगत पुत्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री चौहान निर्धारित कार्यक्रम से लगभग एक घंटे की देरी से बैतूल पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से बैतूल पहुंचे और सीधे गंज स्थित खंडेलवाल निवास गए। उन्होंने स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने खंडेलवाल परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। शिवराज सिंह चौहान ने सुरभि के



निधन को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल परिवार इस कठिन समय से गुजर रहा है और वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। श्री चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सुरभि खंडेलवाल के निधन के बाद से बैतूल में प्रदेश और केंद्र के नेताओं के आने का सिलसिला जारी है। इससे पहले, मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शनिवार को बैतूल पहुंचकर खंडेलवाल परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त कर चुके हैं।

## वर्तमान परिप्रेक्ष्य के मुद्दों को नृत्य व नाटक से बच्चों ने बताया

**बैतूल।** प्री-स्कूल किड्स जी के वार्षिक उत्सव अनुभूति का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य, गायन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे कलाकारों की मासूम अभिव्यक्ति और उत्साह ने उपस्थित अभिभावकों, अतिथियों और दर्शकों को प्रभावित किया। यह वार्षिकोत्सव ज़ी लर्न अधिकारियों सीनियर अकादमिक मैनेजर ट्विंकल साधवानी, रीजनल मार्केटिंग मैनेजर ज़ी लर्न किरण कुमार नायर, डॉ.जया श्रीवास्तव, स्कूल संचालिका मंजुला पाठक एवं समस्त अभिभावकों, नन्हे सितारों, शाला शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों की भागीदारी भी कई सामान्य प्रश्नोत्तरी के माध्यम से माहौल को आनंदमई हो गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, नाटक द्वारा कई वर्तमान परिपेक्ष्य से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सुंदर झलक देखने को मिली। संचालिका मंजुला पाठक ने अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ताप्ती सरोवर में दसवां घाट पर मिला बुजुर्ग का शव

**मुलताई।** नगर में ताप्ती सरोवर के दसवां घाट पर रविवार को सुबह ग्राम टेमझिरा ब निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव पानी मे तैरता दिखाई दिया। सूचना मिलने पर नगरपालिका के कर्मचारियों ने शव को सरोवर से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले किया है।बताया जाता है शनिवार सुबह ताप्ती सरोवर के दसवा घाट पर पहुंचे लोगों को पानी में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई देने पर तुरंत पुलिस और नगर पालिका को सूचना दी। घाट के किनारे एक जोड़ी जूते भी पड़े हुए मिले थे, जब कुछ लोगों ने सरोवर के पानी में झांककर देखा तो एक



व्यक्ति का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची नगर पालिका के कर्मचारियों ने सरोवर से शव बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नगर के सरकारी अस्पताल भेजा है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार के बताया मृतक की पहचान ग्राम टेमझिरा ब निवासी रतनलाल पिता गिरधर सूर्यवंशी के रूप मे हुई है,मृतक कि पहचान परिजनों ने द्वारा कि गई.पुलिस द्वारा मामले मे मर्ग कायम कर कार्रवाई की जा रही है।

## हादसा : अज्ञात ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**बैतूल। बैतूल-परासिया स्टेट हाईवे पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें घायल 18 वर्षीय युवक की रविवार तड़के मौत हो गई है।**

**साथी की हालत गंभीर, आरोपी चालक फरार**

**पुलिस मामला दर्ज कर कर रही विवेचना**

इस हादसे में उसका एक साथी भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका बैतूल जिला अस्पताल में इलाज जारी है और पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है।



थाना सारणी क्षेत्र के बगडोना और सलैया के बीच शनिवार रात यह सड़क हादसा हुआ। शोभापुर निवासी 18 वर्षीय शन्नी पिता दशरू अपने दोस्त प्रकाश के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को तुरंत घोड़ाडोंगरी अस्पताल ले जाया गया। वहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में शन्नी को शनिवार रात भर्ती कर आईसीयू में रखा गया था। उपचार के दौरान रविवार तड़के 5 बजे शन्नी की मृत्यु हो गई, जबकि दुधावानी निवासी 18 वर्षीय प्रकाश पिता किस्सु का इलाज जारी है। अस्पताल पुलिस चौकी ने इस संबंध में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के साथ मामले की जांच की जा रही है।

**मेला** | **पंचायत और प्रशासन ने संभाली मेघनाथ बाबा मेला की व्यवस्थाएं**

## डंडार प्रतियोगिता और धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**बैतूल।** तहसील चिचोली अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरापाटला के ग्राम लोहारढाना में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 मार्च शनिवार को श्री मेघनाथ बाबा मेला श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत चिरापाटला द्वारा आयोजित इस मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी रही और धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। मेले के आयोजन में ग्राम पंचायत चिरापाटला की मुख्य भूमिका रही। सरपंच चिरापाटला, उपसरपंच चिरापाटला तथा समस्त पंचगण के सहयोग से मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मेले में विभिन्न राजनीतिक दलों के



जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद तथा जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहभागिता की। मेले की व्यवस्थाओं के लिए तहसील चिचोली और जनपद पंचायत चिचोली के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक चिरापाटला द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चिचोली के निर्देशन में मेले की व्यवस्थाएं की गईं। तहसील चिचोली की ओर से तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक चिरापाटला, ड्यूटी में तैनात हल्का पटवारी तथा ग्राम कोटवार भी मौजूद रहे।

**डंडार प्रतियोगिता रही मुख्य आकर्षण :** मेघनाथ बाबा मेले के उपलक्ष्य में विशाल डंडार प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8 बजे से 14 मार्च 2026 शनिवार तक किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न डंडार मंडलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11750 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 9750 रुपये, तृतीय पुरस्कार 7750 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 5750 रुपये, पंचम पुरस्कार 4750 रुपये, षष्ठम पुरस्कार 3750 रुपये और सप्तम पुरस्कार 2750 रुपये दिया गया।

**जनगणना और योजनाओं की दी जानकारी**

मेले के दौरान राजस्व निरीक्षक चिरापाटला, हल्का पटवारी और ग्राम कोटवार द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत प्रस्तावित जनगणना 2026-2067 को सफल बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं को पूर्ण करने के लिए मेले में मौजूद भूमका, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा की गई। मेले के दौरान किसानों को नरवाई नहीं जलाने की जानकारी भी दी गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से जागरूकता के साथ सहयोग करने की अपील की गई। इस प्रकार ग्राम पंचायत चिरापाटला द्वारा आयोजित मेघनाथ बाबा मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और प्रशासनिक व्यवस्था के समन्वय के साथ सम्पन्न हुआ।

## महिला भार्गव सभा के चुनाव हुए संपन्न

**मुलताई। अखिल भारतीय भार्गव सभा के निर्देश पर नगर के ताप्ती तट स्थित सत्यनारायण मंदिर मे शनिवार शाम को महिला भार्गव सभा के चुनाव विधिवत कराए गए।**

जिसमे समाज की महिला सदस्यों ने नई अध्यक्ष को मतदान कर चुना,शेष पदो पर निर्विरोध निर्वाचन से पदाधिकारी चुने गए।अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रशांत भार्गव ने बताया शनिवार शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक चुनाव अधिकारी अरुण भार्गव एवं राजेंद्र भार्गव ने मतदान कराया। इस दौरान पीयूष भार्गव,अमित भार्गव और अमन भार्गव ने चुनाव अधिकारियों की सहायता की।चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों के नामांकन प्राप्त हुए थे, जिसके लिए



विधिवत मतदान हुआ। वहीं अन्य पदों पर एक-एक नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मतपत्रों की गिनती के बाद अध्यक्ष पद पर कल्पना भार्गव को निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं सचिव तृप्ति भार्गव, कोषाध्यक्ष रिचा भार्गव निर्विरोध निर्वाचित हुई। वहीं अंजलि भार्गव को सदस्य मनोनीत किया गया।चुनाव परिणाम घोषित होने के उपरांत मुलताई भार्गव सभा के अध्यक्ष संदीप भार्गव ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसके बाद सभा के सचिव यश भार्गव ने सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके आगामी कार्यों की रूपरेखा को विस्तार से समझाया। चुनाव प्रक्रिया के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा एक स्वर में राष्ट्रगान कर चुनाव प्रक्रिया समापन हुआ।